-प्रेस नोट-

दिनांक- 12.04.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर,पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 18 किलो 924 ग्राम (अनुमानित कीमत 16 लाख 15 हजार) की चाँदी की गई बरामद ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चलाये जा रहे अपराध नियंत्रण, सदिंग्ध व्यक्ति/वाहन के चैकिंग अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी फतेहपुर श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 11/12.04.2024 की रात्रि को थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक गाड़ी KIA नं0 UK08BE3159 को चैक किया गया तो उक्त गाड़ी में सवार **प्रणव जैन पुत्र अभय जैन नि0 छत्ता जम्बोदास H.NO.10/6364 थाना मण्डी, सहारनपुर** की गाडी से **18 किलो 924 ग्राम (कीमत करीब 16 लाख 15 हजार) की चाँदी** बरामद हुई, जिसके सम्बन्ध मे उक्त व्यक्ति द्वारा कोई संतोषजनक जवाब व साक्ष्य पेश नही किया जा सका। जिसके सम्बन्ध में एफएसटी टीम व आयकर विभाग को सूचित किया गया। उक्त बरामद चाँदी व गाड़ी के सम्बन्ध में एफएसटी टीम व आयकर विभाग को सूचित किया गया। जिनके द्वारा चुनाव आचार सहिंता प्रभावी होने के कारण उपरोक्त चाँदी को जब्त कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**व्यक्ति का नाम व पताः-**

**प्रणव जैन पुत्र अभय जैन नि0 छत्ता जम्बोदास H.NO.10/6364 थाना मण्डी, सहारनपुर**

**बरामदगी का विवरणः-**

**18 किलो 924 ग्राम चाँदी (कीमत करीब 16 लाख 15 हजार)**

**बरामद करने वाली टीम का विवरणः-**

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री विजेन्द्र सिंह थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
3. उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
4. है0का0 532 ऋषिपाल थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
5. का0 1805 नितिन शर्मा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
6. श्री अतुल कुमार प्रभारी एसएसटी टीम

दिनांक: 12.04.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़ सहारनपुर, पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध देशी शराब की 20 पेटी बरामद ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब / मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक नकुड़ के कुशल नेतृत्व मे थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.04.2024 को चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त **वृजेश पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम टाबर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर** को ग्राम साहबा माजरा रोड से थ्री व्हीलर नं0 UP11AT2269 के अन्दर रखी देशी शराब की कुल 20 पेटियाँ ( कुल 900 शराब के पाऊच ) जिसमें 10 पेटी यूपी नं0-1 देशी शराब के कुल 450 पाऊच तथा 10 पेटी टिवन टॉवर देशी शराब के कुल 450 पाऊच बरामद किये गये। बरामदगी / गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त बृजेश उपरोक्त के विरूद्ध थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 115/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

पूछताछ करने पर अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मै कम पढ़ा लिखा हूँ मै इन शराब की पेटियों को अपने घर पर बेचने के लिए ले जा रहा था जिन्हे अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाता।

**अभियुक्त का नाम व पता:-**

बृजेश पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम टाबर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर ।

**बरामदगी का विवरण –**

- 10 पेटी टिवन टॉवर देशी शराब के कुल 450 पाऊच
- 10 पेटी नं0-1 देशी शराब के कुल 450 पाऊच

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1 प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र गौतम थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री बीरबल सिह थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 713 नितिन कुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 277 आदित्य सिंह थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
5. का0 2286 सुनील कुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर।
6. का0 2245 अंशु यादव थाना नकुड जनपद सहारनपुर।

दिनांक: 12.04.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नानौता, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी श्री अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.04.2024 को थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी **विशाल पुत्र चमन फौजी नि0 मौ0 अफगानान कस्बा व थाना नानौता सहारनपुर** संबंधित वाद सं0 2533/22 मु0अ0सं0 51/18 धारा 109/147/148/337/160 भादवि0 माननीय न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डी0)जे0एम0 देवबंद सहारनपुर को मौ0 अफगानान से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का नाम व पता:-**

विशाल पुत्र चमन फौजी नि0 मौ0 अफगानान कस्बा व थाना नानौता सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना नानौता जनपद सहारनपुर
2. है0का0 118 विपुल कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर

दिनांक: **12.04.2024**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर सहारनपुर, पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में वाँछित /वारन्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.04.2024 को थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त **अल्ताफ पुत्र अलीशेर निवासी ग्राम चौबारा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर** एनबीडब्ल्यू सम्बन्धित वारंट/ रिकवरी वारंट केस नं0 925/20 व केस नं0 2377/22 शाहिस्ता/ अल्ताफ अन्तर्गत धारा 125(3) सीआरपीसी को ग्राम बढेडी घोघू टैम्पो स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता –**

अल्ताफ पुत्र अलीशेर निवासी ग्राम चौबारा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1.उ0नि0 विवेक वैद्यवान थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।

2. का0 2548 विष्णू कुमार थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 12.04.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा मारपीट मे वांछित व एनबीडब्लू वारण्टी 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि **दिनांक 06.04.2024 को वादी श्री राकेश कुमार पुत्र सोमप्रकाश निवासी ग्राम ईस्माईलपुर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र अभियुक्तगण 1.पप्पु उर्फ सुखवीर ( प्रधान ) पुत्र रतिराम 2. इशु उर्फ काका पुत्र पप्पु उर्फ सुखवीर 3. रवि पुत्र शक्ति 4.सचिन पुत्र कल्लु 5.राहुल पुत्र चन्द्रमुनी 6. शुभम पुत्र राजेश उर्फ खन्ना 7. मुनेश पुत्र मैनपाल निवासीगण ग्राम ईस्माईलपुर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर** द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी के लडके के साथ मारपीट कर अंगुली तोडने व वादी के साथ मारपीट व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर **मु0अ0सं0 110/2024 धारा 147/323/325/452/504 भादवि** पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण, वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शस्त्र रखने/तस्करी करने वाले अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा आज दिनांक 12.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त **पप्पु उर्फ सुखवीर ( वर्तमान प्रधान ) पुत्र रतिराम निवासी ग्राम ईस्माइलपुर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर** को एसबीडी जिला अस्पताल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त **एनबीडब्लू वाद सं0 5586/17 अन्तर्गत धारा 323/504/506 भादवि** मे भी वांछित चल रहा था तथा **वाद उपरोक्त मे धारा 82/83 द0प्रं0सं0** के आदेश भी माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत किये गये थे। अभियुक्त पप्पू उर्फ सुखवीर उपरोक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

पप्पु उर्फ सुखवीर ( वर्तमान प्रधान ) पुत्र रतिराम निवासी ग्राम ईस्माइलपुर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

### अभियुक्त पप्पू उर्फ सुखवीर का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 136/23 धारा 120बी/420/467/468/471/506 भादवि थाना कुतुबशेर सहारनपुर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री सचिन पूनिया थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 840 अनुज आर्य थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 31 सुभाष चन्द थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
5. का0 1215 कपिल गौड थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 12.04.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं/लड़कियां पर अश्लील फब्बतियां कसने वाला 01 मनचला अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारंटी एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर थाना कुतुबशेर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.04.2024 को थाना कुतुबशेर एंटीरोमियों पुलिस टीम द्वारा मानकमऊ बस अड्डे के पास आती जाती महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला 01 मनचला अभियुक्त **सुनील कुमार पुत्र ओमसिह निवासी ग्राम पीरड थाना नागल जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 121/2024 धारा 294 भादवि पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सुनील कुमार पुत्र ओमसिह निवासी ग्राम पीरड थाना नागल जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. म0उ0नि0 श्रीमती नीतू सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. म0का0 1071 मोण्टी तोमर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. म0का0 2131 अंजली तोमर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।